1558075

No. of Printed Pages : 8 **BECE-214**

# BACHELOR'S DEGREE PROGRAMME

# (BDP)

## Term-End Examination

## June, 2019

### (ELECTIVE COURSE : ECONOMICS)
### BECE-214 : AGRICULTURAL DEVELOPMENT IN INDIA

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

***Note :** Answer the questions as per the instructions given for each Section.*

**Section—A** 2×20=40

**(Long Answer Type Questions)**

***Note :** Answer any **two** questions from this Section.*

1. State *five* reasons for the need of irrigation in India. Mention the *three* major modes of irrigation, run on project basis in India. Indicate the main concerns about groundwater usage.

2. Do you agree with the assertion that 'Institutional Development means economic development' ? Identify the 'Genesis of Panchayati Raj Institutions' in India.

3. State any *two* pro-agricultural developmental policies which have also contributed to unsustainable use of groundwater resources. For what reason is it claimed that the green revolution (GR) benefits has resulted in the widening of economic disparities ?

4. What are the special characteristics of agricultural marketing which distinguishes them from other markets ? What strategies are suggested to cope with the marketing needs of small farmers ?

## Section—B 4×12=48

### (Medium Answer Type Questions)

***Note :*** *Answer any **four** questions from this Section.*

5. Mention the *four* major plants of land reform legislation in India. What factors contributed to a poor performance of the implementation of ceiling on 'land holding laws' ?

6. Do you agree that the implementation of rural industrialization policy in India has not been as muoh 'inclusive' in its character as it ought to have been ? What in your opinion, should now be done to rectify this error in the coming years ?

7. How would you say that in the matter of advancing institutional credit to small farmers there could be an inherent bias against them ?

8. In which type of region is the practice of 'Contour farming' followed ? In what way this method is helpful in minimising production/ environmental losses ?

9. Explain the *five* important reasons for the deceleration of public investment in agriculture. Point out the *five* important factors which affect the private investment in agriculture.

10. In which *three* areas WTO envisaged to eliminate trade distortions in agricultural products ? Explain in what way the WTO-AoA commitments implicate the agricultural sector of developing countries like India ?

## Section—C $2\times6=12$

**(Short Answer Type Questions)**

***Note :** Answer any two parts from this Section.*

11. (i) How does 'information asymmetry' affect agriculture ? Briefly indicate with an example.

(ii) State the *three* contributions of agriculture to the economy suggested by Kuznets.

(iii) What are the *three* major factors that inhibit the small farmers in India from using the chemical fertilisers in adequate quantity ?

(iv) Indicate the *three* areas in which concerted action is required to ensure food security.

बी. ई. सी. ई.-214

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम (बी. डी. पी.)

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2019

## (ऐच्छिक पाठ्यक्रम : अर्थशास्त्र)

## बी. ई. सी. ई.-214 : भारत में कृषिक विकास

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

---

***नोट :*** *प्रत्येक खण्ड से निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

---

**खण्ड—अ** 2×20=40

**(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)**

***नोट :*** *इस खण्ड से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

1. भारत में कृषि हेतु सिंचाई की आवश्यकता के **पाँच** कारण बताइए। भारत में प्रकल्प के रूप में संचालित सिंचाई व्यवस्था के तीन मुख्य स्वरूप बताइए। भूतल के जल के प्रयोग को लेकर मुख्य चिन्ताएँ क्या हैं ?

2. क्या आप सहमत हैं कि 'संस्थागत विकास ही आर्थिक विकास है' ? भारत में पंचायती राज संस्थाओं के उद्‌भव को स्पष्ट कीजिए।

3. कोई ऐसी दो कृषि पक्षीय विकास नीतियाँ समझाइए जिनके भूजल के अधारणीय प्रयोग रूपी प्रभाव भी हुए हैं। किन कारणों से कहा जाता है कि हरित क्रान्ति के फलस्वरूप आर्थिक विषमताएँ और अधिक व्यापक हो गई हैं ?

4. कृषिक विपणन की वे विशेषताएँ बताइए जो उसे अन्य बाजारों से भिन्न स्वरूप प्रदान करती हैं। छोटे किसानों की विपणन संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए क्या युक्तियाँ सुझायी गई हैं ?

## खण्ड—ब 4×12=48

## (मध्यम उत्तरीय प्रश्न)

*नोट : इस खण्ड से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

5. भारत में भूमि सुधार कानूनों के **चार** मुख्य सार तत्त्व बताइए। भू-धारण सीमा कानूनों के निकृष्ट प्रदर्शन में किन कारकों का बड़ा योगदान रहा है ?

6. क्या आप सहमत हैं कि भारत की ग्रामीण औद्योगीकरण नीति का क्रियान्वयन उतना समाहनकारी नहीं रहा जितनी अपेक्षा थी ? आपके मतानुसार आगामी वर्षों में इस त्रुटि को सुधारने के लिए क्या किया जाना चाहिए ?

7. क्या आप स्वीकार करेंगे कि छोटे किसानों को संस्थागत वित्त सुलभ कराने की प्रक्रिया ही उनके विरुद्ध रुझानों से भरी होती है ?

8. स्तरानुसार खेती विधि किन क्षेत्रों में अपनाई जाती है ? इस विधि से उत्पाद और पर्यावरणीय हानियाँ किस प्रकार न्यूनतम हो जाती हैं ?

9. कृषि में सार्वजनिक निवेश मंद पड़ जाने के **पाँच** महत्त्वपूर्ण कारणों की व्याख्या कीजिए। कृषि में निजी निवेश को प्रभावित करने वाले **पाँच** कारक भी बताइए।

10. विश्व व्यापार संगठन ने कृषिक व्यापार की किन विकृतियों को दूर करने की अभिकल्पना की थी ? समझाइए कि विश्व व्यापार संगठन–कृषि पर समझौता मिलकर भारत जैसे विकासशील देशों के कृषि क्षेत्र को किस प्रकार पाशबद्ध कर लेते हैं ?

## खण्ड—स $2 \times 6 = 12$

### ( लघु उत्तरीय प्रश्न )

*नोट : इस खण्ड से किन्हीं दो भागों के उत्तर दीजिए।*

11. (i) जानकारी की विसंगति किस प्रकार कृषि को प्रभावित करती है ? एक उदाहरण द्वारा संक्षेप में समझाइए।

(ii) कुजनेट्स ने अर्थव्यवस्था में कृषि के कौन-से तीन योगदान सुझाए थे ?

(iii) किन तीन कारणों से भारत के छोटे किसान पर्याप्त मात्रा में रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग नहीं कर पाते ?

(iv) खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किन तीन क्षेत्रों पर निरंतर कार्य करने की आवश्यकता है ? समझाइए।

13000